# सामाजिक समाचार

## अलायन्स क्लब नवलगढ़ एस.एन. बी.एड. कॉलेज को चार्टर प्रदान

नवलगढ़। एस.एन. बी.एड. कॉलेज परिसर में अलायन्स क्लब एस.एन. बी.एड. कॉलेज को चार्टर प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. दयाशंकर जांगिड, अध्यक्षता चौथमल जांगिड अध्यक्ष अलायन्स क्लब नवलगढ़ नवचेतना तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रान्तपाल मेजर डी.पी. शर्मा प्रान्त 184, व कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूजा सैन उपाध्यक्ष अलायन्स क्लब गोविन्दम नवलगढ़ थी। अलायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. दयाशंकर जांगिड ने सभी क्लब सदस्यों को सर्टिफिकेट व पिन प्रदान किए तथा क्लब अध्यक्ष श्रीमती तारा सैनी, सचिव श्रीमती सन्तोष पिलानिया, कोषाध्यक्ष श्रीमती कीर्ति वर्मा को चार्टर प्रदान किया गया। यह महिला सशक्तिकरण करने के लिए सिर्फ महिलाओं का क्लब बनाया गया है। डॉ. दयाशंकर जांगिड ने अपने उद्बोधन में क्लब सदस्यों को साक्षरता, बेटी बचाओ, पर्यावरण, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, स्वच्छता, संस्कारवान शिक्षा आदि कार्यक्रमों में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई तथा राष्ट्र निर्माण में सहयोगिता हेतु युवा पीढ़ी का सर्वांगिण विकास कर देश की सेवा की बात कही। आप सभी प्रशिक्षु शिक्षिका हैं, निःसन्देह आप समाज में चेतना उत्पन्न कर सकती हैं। आपने क्लब सदस्यों को सक्रियता से कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि आपका क्लब श्रेष्ठ क्लब होगा। पूर्व प्रान्तपाल मेजर डी.पी. शर्मा ने सभी सदस्यों को डॉ. जांगिड द्वारा बताए कार्यक्रमों को करने का आह्वान किया। अध्यक्षता करते हुए चौथमल जांगिड ने कहा कि कॉलेज व क्लब हमेशा सेवा में अग्रणीय रहेगा व पूर्ण सहयोग देगा। डॉ. पूजा सैन ने आगन्तुकों का आभार जताया व धन्यवाद दिया। क्लब अध्यक्ष श्रीमती तारा सैनी ने सभी बताए हुए कार्यों को सक्रियता से करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कॉलेज के व्याख्याता व सैंकड़ो प्रशिक्षु शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## उदयपुर विश्वकर्मा जांगिड विकास संस्था की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

उदयपुर विश्वकर्मा जांगिड विकास संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक रविवार दिनांक 23 दिसम्बर, 2018 को प्रातः 11 बजे संस्था भवन, चित्रकूट नगर, उदयपुर पर सम्पन्न हुई। इस बैठक में एजेण्डानुसार पं. अनंतदेव जी शर्मा द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना के साथ शालीनता पूर्वक बैठक का संचालन हुआ। संस्था सचिव भैरूलाल सुथार द्वारा गत साधारण सभा का कार्यवृत्त पढ़ा और चालू वर्ष का प्रतिवेदन पेश किया। कोषाध्यक्ष श्री बाबूलाल ने आर्थिक लेख पेश किए, जिस पर सदस्यों द्वारा स्पष्टीकरण भी चाहे गए। संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री प्रमोद जी राजोरिया, डॉ. सुभाष भारद्वाज, श्री यशवंत शर्मा, डॉ. गणपत लाल शर्मा एवं कर्नल सोहन लाल ने अपने विचार व्यक्त किए।

विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के साथ-साथ संस्था ने दो पुरस्कार और प्रमाण पत्र उन शिल्पियों को देना प्रारंभ किया है, जो पारम्परिक रूप से शिल्पकला में पारंगत हो। पहला पुरस्कार राज्य स्तर पर रु. 5000/- नकद एवं प्रशंसा पत्र के साथ-साथ दूसरा जिला स्तरीय पुरस्कार के रूप में रु. 2100/- नकद एवं प्रशंसा पत्र प्रदान किए जाते हैं। इस वर्ष भी समाज जन से आग्रह किया गया कि ऐसे शिल्पियों की जानकारी संस्था को देवें और समाचार माध्यमों से पात्र शिल्पियों तक यह समाचार पहुँचे।

संस्था अध्यक्ष श्री राजेन्द्र शर्मा ने सभा को संबोधित किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। सभा के उपरान्त सदस्यों का सामूहिक भोज का आनंद लिया।

—भैरूलाल सुथार, सचिव

## अशोक कुमार जांगिड पुनः ब्लॉक सभा जालसू के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा ब्लॉक सभा जालसू के चुनाव पर्यवेक्षक श्री गोपाल पाटोदिया मुख्य चुनाव अधिकारी श्री राम निवास जांगिड एवं श्री सत्यनारायण जांगिड व प्रेम प्रकाश जांगिड के सान्निध्य में दिनांक 16 दिसम्बर, 2018 को जांगिड ब्राह्मण धर्मशाला दादर डूंगरी पर नामांकन दिवस पर दो नामांकन पत्र भरे गए, जिसमें प्रथम श्री अशोक कुमार जांगिड राजावास का तथा द्वितीय नामांकन नन्दलाल जांगिड ने भरा। नन्दलाल जांगिड ने महासभा के संरक्षक सदस्य नहीं होने पर अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया और सिर्फ एक ही नामांकन पत्र श्री अशोक कुमार जांगिड का रहने पर चुनावी टीम ने इनको निर्विरोध निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष जालसू घोषित किया।

इस अवसर पर आमेर तहसील के पूर्व अध्यक्ष श्री गौरीशंकर जांगिड चतरपुरा, श्री छगनलाल सीलक राधापुरा, संत श्री अभयदास जी महाराज पीथावास हातोज, श्री छीतरमल जी रामपुरा डाबडी, श्री रामरतन जांगिड उपप्रधान महासभा, प्रदेश सभा से वैद्य सीताराम जी, पूरणमल, लालचन्द, प्रभुदयाल, मोहनलाल, लल्लूराम पंवार, रामेश्वर बरड़वा, नानूराम बरड़वा, आसोलाई से सीताराम, सुदर्शनपुरा से पप्पूलाल, सिन्दोलाई से रामलाल जी, जयरामपुरा से ओमप्रकाश, दामोदर मोडी से रामपाल जांगिड, रायथल से रामस्वरूप जांगिड, सीताराम जांगिड सहित अनेक समाज बन्धु उपस्थित थे।

## श्री मिट्ठन लाल जांगिड पुनः तहसील सभा पावटा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

16 दिसम्बर, 2018 को श्री मिट्ठन लाल जांगिड (पूर्व सरपंच) को पुनः निर्विरोध तहसील सभा पावटा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

इस अवसर पर श्री भागीरथ जांगिड, पूरणमल जांगिड, किशनलाल जांगिड, रामकुमार जांगिड, महादेव प्रसाद जांगिड, रामेश्वर प्रसाद जांगिड, श्री कैलाश जांगिड तथा रवि जांगिड आदि गणमान्य समाज बन्धु उपस्थित थे।

## तीर्थराज प्रयाग में पावन कुंभ पर्व पर भव्य विश्वकर्मा कथा का आयोजन

दिनांक 24 जनवरी, 2019 से दिनांक 1 फरवरी, 2019 तक तीर्थराज प्रयाग में पावन कुंभ पर्व के अवसर पर कथा वाचक परम

श्रद्धेय श्री जयंती भाई शास्त्री महाराज (सुरेन्द्र नगर वाले) के श्री मुख से भव्य विश्वकर्मा कथा का आयोजन होने जा रहा है। कथा का आयोजन धर्म प्रचारक अनिल एस. विश्वकर्मा (सामाजिक कार्यकर्ता) मुम्बई, महाराष्ट्र द्वारा करवाया जा रहा है।

कथा का समय : दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक

कथा स्थल : श्री मोढेराधाम नगर (खालसा) प्रयागराज, सेक्टर-15, मुक्ति मार्ग रोड, पूर्व पट्टी, गंगोली शिवालय चौराहा, प्रयागराज, सम्पर्क सूत्र : 9408110105, 7265855113

## उत्तर प्रदेश सरकार ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू करने का लिया फैसला

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में केबिनेट की बैठक में कई जातियों के स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू करने के फैसले की स्वीकृति मिल गई। इसके अन्तर्गत प्रदेश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के बढ़ई, दर्जी, टोकरी, बुनकर, नाई, सुनार, लौहार, कुम्हार, हलवाई आदि पारम्परिक स्वरोजगार वाली जातियों को बढ़ावा देने के लिए इस योजना को लागू किया जाएगा, जिसके तहत पारम्परिक हस्तशिल्प की कलाओं को प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही उनकी आय में भी वृद्धि के लिए अवसर उपलब्ध करवाए जाएगें। इस योजना में इन जातियों को ज्यादा से ज्यादा स्वरोजगार के मौके उपलब्ध होंगे, जिससे वे अपनी आजीविका आसानी से चला सके।

इस योजना के अन्तर्गत पारम्परिक कारीगरों एवं दस्तकारों को उद्यम के आधार पर कौशल वृद्धि के लिए छः दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुफ्त एवं आवासीय होगा। जोकि तहसील या जिला मुख्यालय पर होगा। ट्रेनिंग अवधि में प्रशिक्षणार्थियों को श्रम विभाग द्वारा समय-समय पर तय अर्द्ध कुशल मजदूरी दर के समान मानदेय दिया जाएगा तथा उनकी खान-पान की व्यवस्था भी मुफ्त की जाएगी। ट्रेनिंग के बाद उनको प्रमाण-पत्र सहित ट्रेडवार अत्याधुनिक किस्म की टूल किट भी दी जाएगी। इस योजना के लिए अभ्यार्थियों के आवेदन ऑन लाईन लिए जाएगें, जिसकी व्यवस्था आयुक्त एवं निदेशक उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन द्वारा कराई जाएगी।

## जिला सभा जयपुर की कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग सम्पन्न

16 दिसम्बर, 2018 को प्रादेशिक सभा भवन विद्याधर नगर, जयपुर में जिला सभा जयपुर की कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग का आयोजन रखा गया, जिसकी अध्यक्षता श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा की गई। श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) प्रभारी राजस्थान प्रदेश के आतिथ्य में हुई। मंचासीन अतिथियों में श्रीमती मंजू जांगिड जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जयपुर, श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राज., श्री कैलाश जी घसवा पूर्व अध्यक्ष सोडाला समिति, श्री नवीन जांगिड (जय श्री कंस्ट्रक्शन), श्री मन्नालाल जांगिड शाखा सभा अध्यक्ष जोबनेर, श्री भगवान सहाय जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा भांकरोटा, श्री छगनलाल जांगिड अध्यक्ष भंदे बालाजी, श्री सीताराम जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा पांच्यावाला, श्री मूलचन्द जी लावण्डीवाल ब्लॉक अध्यक्ष सिविल लाईन्स, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यालय मंत्री महासभा, श्री लल्लूलाल जायलवाल अध्यक्ष शास्त्री नगर, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया ब्लॉक अध्यक्ष किशनपोल बाजार, श्री मदनलाल जांगिड (सीलक) प्रधान विश्वकर्मा चेरिटेबल ट्रस्ट बगरूकलां, श्री बृज किशोर शर्मा ई.एस.आई., श्री गजानन्द जी गोगोरिया अध्यक्ष ढेहर के बालाजी अतिथि गृह आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी का माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन करने के पश्चात् सामूहिक आरती हुई।

सर्व प्रथम श्री रमेश चन्द्र शर्मा महामंत्री जिला सभा द्वारा गत मीटिंग की कार्यवाही रिपोर्ट का पठन किया तथा सभी उपस्थित समाज बन्धुओं व कार्यकारिणी सदस्यों ने करतल ध्वनी से इसका अनुमोदन किया। समिति द्वारा पिछले महिने हुए प्रतिभा सम्मान समारोह 2018 का आय-व्यय विवरण का लेखा-जोखा रखा, जिसमें 3,39,800 रुपए का सहयोग तथा 57,890 रुपए टिकटों की बिक्री व बचे हुए सामान की बिक्री से प्राप्त कुल 3,97,690 रुपए की आय हुई। वहीं साइकिल खरीद (11) 36,300 रु., लेपटॉप (1) 21000 रु., लेपटॉप मिनि (1) 10,800 रु., प्रिन्टिंग 7400 रु., साउण्ड 3000 रु., भोजन व हलवाई 89059 रु. (जो श्री रामरतन जी जांगिड द्वारा सहयोग के बाद का खर्च), टेन्ट 56805 रु., सम्मान हेतु मोमेन्टो, प्रमाण पत्र, दुपट्टा, मेडल 1,14,200 रु., सामाजिक पत्रिकाओं को सहयोग 4200 रु. इस प्रकार सम्मान समारोह से कुल बचत हुई 54,926 रु.।

मीटिंग के एजेण्डों में आगामी विश्वकर्मा जयन्ती (17 फरवरी, 2019), सामाजिक सम्पत्तियों के संरक्षण, शिक्षा कल्याण कोष में वृद्धि आदि पर समाज के प्रबुद्ध लोगों में श्री जगदीश जी सांख, श्री कैलाश जी (साली वाले), श्री राहुल शर्मा, श्रीमती अंजु जांगिड, श्रीमती शीला जांगिड, श्री बृजकिशोर शर्मा ई.एस.आई., श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने विचार रखे। जिसमें 17 फरवरी, 2019 के पूर्व दिवस पर सदैव की भांति भव्य शोभा यात्रा की तैयारी के लिए सभी ब्लॉक, शाखा, तहसील अध्यक्षों के लिए आग्रह किया तथा जिलाध्यक्ष द्वारा प्रभात फेरी प्रातः 7 बजे प्रदेश भवन से विश्वकर्मा मन्दिर रोड नं. 2, एक ड्रेस कोड में निकालने पर अपना मत रखा, जिसकी सभी ने सहमति प्रदान की। 11-11 दीपक व रोशनी सभी अपने-अपने घरों में करे।

सामाजिक सम्पत्तियों के लिए जिला सभा विस्तार से चर्चा करने के पश्चात् शीघ्र कार्यवाही का निर्णय लिया तथा पम्पलेट जारी किया जाएगा, ताकि समस्त समाज वहाँ पर उपस्थित हो सके।

शिक्षा कल्याण कोष पर चर्चा में वृद्धि पर जोर दिया तथा इस अवसर पर श्री बृज किशोर शर्मा (ई.एस.आई.) द्वारा 11000 रु. राशि का चेक जिला सभा को प्रदान किया। जिला सभा द्वारा पिछले महिने खेलकूद प्रतियोगिताएं हुई थी उन खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने के लिए मोमेन्टो, प्रमाण पत्र व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें श्री नवीन जांगिड, श्री शंकर लाल जांगिड एवं श्री बृजकिशोर जांगिड की महत्ती भूमिका रही।

इस अवसर पर शतरंज प्रतियोगिता में अभिषेक शर्मा ने प्रथम

पुरस्कार प्राप्त किया, वहीं हिमांशु व मोहनीश जांगिड ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। बैडमिंटन सिंगल प्रतियोगिता (18 वर्ष से कम) में हर्षवर्धन शर्मा ने प्रथम व गोमाशी जांगिड ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 18 वर्ष से अधिक की आयु में यश शर्मा एवं हर्षवर्धन शर्मा ने क्रमश: प्रथम व द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किए।

वहीं बैडमिंटन डबल्स में 18 वर्ष से अधिक आयु में यश शर्मा एवं विभोर शर्मा तथा गोमाशी एवं नैतिक जांगिड ने क्रमश: प्रथम व द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किए।

महिला सिंगल में कुमारी नन्दिनी सुनानिया विनर रहीं एवं कुमारी शिवानी जांगिड ने रनरअप का पुरस्कार प्राप्त किया तथा सैकण्ड रनरअप कुमारी नन्दिनी जांगिड रहीं।

क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम सांगानेर ग्रीन को ट्रॉफी सहित पूरी टीम को सम्मानित किया। वहीं शाहपुरा नायन (स्काई ब्लू) टीम को उप विजेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मंच संचालन श्री रमेश चन्द्र शर्मा महामंत्री जिला सभा द्वारा किया गया। मीटिंग की भोजन प्रसादी श्री नवीन जांगिड (जय श्री कंस्ट्रक्शन कम्पनी) द्वारा की गई थी। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य बन्धुओं में श्री गजानन्द जांगिड एक्सईएन, डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान, श्री मालीराम जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री पी.एन. शर्मा से.नि. एसि. डायरेक्टर बीएसएनएल, श्री रोहिताश्व जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्रीमती नीलम शर्मा अध्यक्ष कुबेर समिति, श्रीमती शीला जांगिड महामंत्री जिला सभा जयपुर महिला प्रकोष्ठ, श्री जगदीश जांगिड मंत्री जिलासभा, श्री भगवान सहाय कडवानिया कोषाध्यक्ष, श्री दिनेश जी कडवाणिया, श्री नन्दकिशोर जांगिड सिनोदिया, श्री शिवनारायण जांगिड प्रचार मंत्री जिलासभा, श्री कजोड़मल जांगिड हरमाड़ा, डॉ. प्रेमनारायण शर्मा, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री मुरारी लाल जांगिड, श्री कैलाश शर्मा, श्री शंकर लाल जांगिड, श्री हनुमान सहाय कडवाणिया, श्री एस.एम. जांगिड शारदा इण्डस्ट्रीज आदि उपस्थित हुए।

## मौजमाबाद (जयपुर) में आयोजित प्रथम सामूहिक सम्मेलन में 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

12 दिसम्बर, 2018 को श्री विश्वकर्मा मन्दिर जांगिड विकास समिति मौजमाबाद, तह.-दूदू, जिला-जयपुर के तत्वावधान में जांगिड ब्राह्मण समाज का प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन व सामाजिक सम्मेलन का आयोजन गुरुकुल महाविद्यालय के पास, मीरापुरा रोड, मौजमाबाद में किया गया, जिसमें 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

18 दिसम्बर, 2018 को गणेश प्रसादी सामूहिक विवाह की रखी गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, अतिविशिष्ठ अतिथि श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा तथा अतिथियों में श्री रतनलाल हर्षवाल पूर्व तहसील अध्यक्ष दूदू, श्री राधेश्याम जांगिड रेनवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री भागीरथ जांगिड कार्यालय मंत्री प्रदेश सभा, श्री कजोड़मल जांगिड संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री धर्मेन्द्र पेड़वाल अध्यक्ष जांगिड विकास समिति दूदू आदि उपस्थित हुए।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर, साफा बंधवाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सामूहिक सम्मेल अध्यक्ष श्री बनवारी लाल बड़वाल, श्री सीताराम गोठड़ीवाल अध्यक्ष तहसील सभा मौजमाबाद, श्री नाथूलाल जी अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर मौजमाबाद, श्री रामावतार बैरीवाल कार्यवाहक अध्यक्ष, श्री रतनलाल सीलक प्रधान, श्री गोपाल लाल पेड़वाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा (महामंत्री), श्री रमेश चन्द धाराणिया कोषाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण किया गया।

आय-व्यय का ब्यौरा श्री गोपाल जी पेड़वाल सम्मेलन महामंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन में कुल बचत राशि 11,60,000 रु. रही। 297 वर्गगज भूमि मन्दिर समिति द्वारा क्रय की गई जो मन्दिर से सटाकर है। वहाँ भगवान विश्वकर्मा जी का भव्य मन्दिर व भवन का निर्माण करने का विचार भी रखा। इस अवसर पर नवदम्पत्तियों को मुख्य अतिथि श्री लखन शर्मा द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया गया तथा नवनिर्वाचित विधायक श्री जगदीश चन्द्र जी को बधाई, श्री अजिताभ शर्मा आई.ए.एस. (मुख्यमंत्री सचिव) एवं डॉ. समित शर्मा आई.ए.एस. (निदेशक एन.एच.एम.) दोनों समाज के रत्नों को राज्य सरकार द्वारा बनाए जाने पर माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी का आभार जताया।

उद्बोधन में श्री लखन शर्मा, श्री रतनलाल हर्षवाल, श्री भागीरथ जांगिड, श्री राधेश्याम जांगिड आदि द्वारा कहा कि समाज की जनगणना हो। सरकारी योजनाओं के बारे में, प्रतिभा सम्मान समारोह, संस्थाओं का पारदर्शित आय-व्यय का ब्यौरा आदि हेड हो, राजनैतिक भागीदारी आदि पर बल दिया।

मंच संचालन श्री धर्मेन्द्र पेड़वाल दूदू द्वारा किया गया तथा समय-समय पर अपने अच्छे सुझाव भी दिए। सभी ने सामूहिक विवाह समिति को बधाई दी।

अन्त में सभी ने सहभोज का आनन्द लिया।

## जिला सभा चुरु की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

23 दिसम्बर, 2018 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा चुरू (राज.) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह श्री विश्वकर्मा मन्दिर नई सड़क, चुरू में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज. की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मोतीलाल शर्मा पूर्व वरिष्ठ शिक्षा विशेषज्ञ एशियन डवलपमेन्ट बैंक मनीला उपस्थित हुए। विशिष्ठ अतिथियों में श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री विद्याधर जांगिड प्रभारी जिला सभा चुरू, श्री बसंत शर्मा जिलाध्यक्ष चुरू, श्रीमती सुरेखा जांगिड सहायक अभियोजन अधिकारी भीलवाड़ा, श्री गिरधारीलाल जांगिड जिलाध्यक्ष चुरू, श्री हरदयाल जांगिड जिलाध्यक्ष सीकर, श्री मनरूप जांगिड जिलाध्यक्ष झुंझुनूं, श्री ईश्वरलाल प्रबंधक विश्वकर्मा मन्दिर, श्री गजानन्द जी, श्री सोहन लाल मीषण, श्री बच्छराज जी काकटिया, श्री झूमरमल राजोतिया, श्री हीरालाल सीलक, श्री मनीराम जी अध्यापक (बुचावास), श्री

बजरंगलाल डाडयाला, श्री गुटुराम जी, श्री भंवरलाल जांगिड, श्री महावीर प्रसाद मीषण, श्री सीताराम जांगिड रतनगढ़, श्री बी.एन. राजोतिया, श्री मोहनलाल शर्मा अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा क्लब चुरू, श्री मांगेराम जी संयोजक हनुमानगढ़, महेश जी तारा नगर, शंकर लाल जी चुरू, श्री रामलाल जी रोलीवाल, श्री नरोत्तम जी, महावीर जी बरवाड़िया, श्री महेश जांगिड प्रवक्ता प्रदेशसभा राज., श्री भागीरथ जांगिड कार्यालय मंत्री प्रदेश सभा राज., श्रीमती नीलम जी, श्री कजोड़मल जांगिड संगठन मंत्री प्रदेशसभा राज., श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे जयपुर आदि उपस्थित हुए।

मंचासीन अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर समारोह की विधिवत शुरूआत की।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिह्न भेंटकर जिलाध्यक्ष श्री गिरधारी लाल जांगिड, श्री भंवरलाल जी सांवलोदिया जिला महामंत्री, श्री बैजुराम राजोतिया कोषाध्यक्ष, श्री विश्वनाथ सीलक, श्री लीलाधर राजोतिया, श्री शंकर लाल काला, श्री ओमप्रकाश जांगिड एवं महावीर प्रसाद मीषण अजर्नाधन प्रसाद सुजानगढ़, सोहनलाल जी, मोहनलाल जी, रिछपाल जी, रामचन्द्र जी, सभी पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया।

श्री मोहनलाल जी शर्मा द्वारा स्वागत भाषण हुआ। श्री राधेश्याम जी सीकर द्वारा सामाजिक एकता व शिक्षा को आगे बढ़ाने व सदस्य संख्या बढ़ाने पर अपने विचार रखे। श्री बसंत शर्मा द्वारा कहा गया कि महासभा सतत् प्रयासशील रही एकता को कायम रखने में, प्रदेशाध्यक्ष द्वारा किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद दिया तथा उन्होंने जिला सभा को पूर्ण सहयोग देने का अश्वासन दिया।

डॉ. मोतीलाल जांगिड द्वारा कहा गया कि इस स्थान को गुरुधाम घोषित किया गया है तथा इस आयोजन के लिए 5000रु. राशि अपनी ओर से भेंट की।

मंच संचालन श्री बैजुराम जी जांगिड राजोतिया चुरू द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा जिला सभा के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर नवनियुक्त महिला जिलाध्यक्ष डॉ. नीलम जांगिड, ललिता जांगिड महामंत्री व नीतू धामू कोषाध्यक्ष व युवा जिलाध्यक्ष श्री नीरज रोलीवाल, युवामंत्री श्री नरेन्द्र जांगिड व कोषाध्यक्ष मनोज राजोतिया को भी शपथ दिलवाई गई।

नव नियुक्त तहसील संयोजक श्री सीताराम रोलीवाल रतनगढ़, श्री रामावतार जांगिड राजगढ़, श्री गिरधारी लाल जांगिड सुजानगढ़, श्री विनोद कुमार दम्भीवाल तारा नगर, श्री शंकर लाल धामू चुरु व सरदारशहर आदि को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर सैंकड़ों समाज बन्धुओं की एवं महिलाओं की उपस्थिति रही, जिसमें सभी समाज बन्धुओं ने चुरु की सभी संस्थाओं से उपस्थिति प्रदानकर समारोह को भव्य बनाया।

श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा अपने उद्बोधन में समाज संगठन, समाज की कुरुतियों, शिक्षा एवं राजनैतिक क्षेत्र में विस्तार से अपने विचार रखे। नवगठित जिलासभा कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा हमें कार्य ऐसे करना है, जिनको लोग वर्षों तक याद रखे। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा जी के नाम को सर्वविदित करने के लिए भी जोर दिया।

अन्त में श्री गिरधारीलाल जांगिड जिलाध्यक्ष द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों एवं समाज बन्धुओं का आभार व्यक्त किया एवं सभी को स्नेह भोज के लिए आमंत्रित किया।

## जांगिड विकास समिति दादी का फाटक जयपुर द्वारा आयोजित 12वां भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

30 दिसम्बर, 2018 को श्री गणपति पैराडाईज, गंगा जमुना कॉलोनी चौराहा, दादी का फाटक, मुरलीपुरा में जांगिड विकास समिति दादी का फाटक द्वारा 12वां भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता की श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज. ने। मुख्य अतिथि के रूप में श्री पुरुषोत्तम जांगिड (बिल्डर इन मस्कट-ओमान) एवं अतिविशिष्ट अतिथियों में श्री हजारीराम कुलरिया (सेवी कार्पोरेशन सीतापुरा), श्री संजय हर्षवाल (विनायल एंटरप्राईजेज), श्री राम किशन जांगिड (इण्डियन आर्ट), श्री रामेश्वर बरवाड़िया (दी पावर मेक वीकेआई), श्री रामनिरंजन जी (मनभरी कंस्ट्रक्शन मुम्बई), सुभाष जांगिड मुम्बई (जयपुर), श्री सुभाष जी (महेन्द्र एण्ड कम्पनी मुम्बई), श्री रामरतन जांगिड उपप्रधान (कन्हैयालाल रामरतन रामपुरा डाबड़ी), विशिष्ट अतिथि श्री किशोरी लाल शर्मा (राजेन्द्र इण्ड. टूल्स), श्री धनेन्द्र शर्मा (एस.डी. मशीन टूल्स), श्री राम अवतार जांगिड चूड़ी वाले (रजतमणी), अति सम्माननीय अतिथि श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) प्रदेश प्रभारी राज., श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री आर.सी. 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, सी.आई. कमल किशोर सुथार (इंचार्ज विश्वकर्मा थाना जयपुर), श्रीमती संतोष देवी जांगिड महिला प्रदेशाध्यक्ष राज., अतिसम्मानीय शिक्षिका डॉ. मीना जांगिड जोधपुर (राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त), श्रीमती मंजु जांगिड महिला जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री अंकित हर्षवाल (सिक्योरिटी इंजीनियर गुगल), श्री रिछपाल जांगिड संरक्षक समिति आदि मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का मुख्य द्वार पर तिलक कर, बैण्डबाजों की ध्वनि से मंच तक समिति सदस्यों द्वारा लाया गया।

सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया एवं सामूहिक आरती का गायन हुआ। सभी मंचासीन अतिथियों का श्री चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष, श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) द्वारा माल्यार्पण, दुपट्टा, शॉल ओढ़ाकर, साफा बन्धवाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

श्री चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष समिति द्वारा स्वागत भाषण हुआ, जिसमें बताया दादी का फाटक एरिया निवासियों ने समाज के सर्वांगीण विकास व शिक्षा को बढ़ावा देने के मकसद से ही इस समिति का गठन किया। यह समिति यही एक बड़ा आयोजन हर वर्ष कर रही है। यह 12वां प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन है। दादी का फाटक द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह की गूंज प्रदेश में ही नहीं, बल्कि देश में हो रही है, जिसकी प्रशंसा सर्वत्र है। हम हर वर्ष प्रतिभाओं का सम्मान करने से पूर्व गुरु का सम्मान करते हैं। तदोपरान्त कक्षा 8, 10, 12 की बोर्ड परीक्षाओं में 80%

से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों एवं खेलकूद, सरकारी नौकरियों में चयन होने वाले, उच्च शिक्षा से उत्तीर्ण हुए तथा निर्धन, असहाय की सहायतार्थ छात्रवृत्ति के चेक देना आदि का सम्मान करते हैं। साईकिलें, लेपटॉप आदि भी लॉटरी सिस्टम द्वारा विद्यार्थियों को समिति द्वारा प्रदान किया जाता है। प्रतिभाओं का ही नहीं बल्कि भामाशाह, बिजनसमैन का भी समिति द्वारा सम्मान किया जाता है। इस अवसर पर समिति द्वारा ''प्रोत्साहन'' एक स्मारिका भी प्रकाशन करवाया गया, जिसमें अतिथियों का परिचय, समिति की कार्यकारिणी व विज्ञापनदाताओं का संक्षिप्त विवरण दिया गया।

डॉ. मीना जांगिड जो राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त एक शिक्षिका हैं उनका ''गुरु'' के रूपमें माल्यार्पण, दुपट्टा, शॉल ओढ़ाकर, पीतल का कलश मय श्रीफल एवं अभिनन्दन पत्र प्रदान कर समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

उन्होंने अपने संक्षिप्त उद्‌बोधन में कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने का कार्य शिक्षक ही करते हैं। इस तरह के आयोजनों से छात्रों का मनोबल बढ़ता है तथा उन्हें प्रोत्साहन मिलता है। यह एक पथ प्रदर्शक का कार्य भी करता हे। मैंने सभी जगह देखा बच्चों का सम्मान करते हैं, लेकिन यह पहला अवसर है जबकि यहाँ गुरु का सम्मान करते हैं। हमारे समाज में डायमण्ड हैं, हम सर्विस के अलावा भी हमारे भविष्य को संवार सकते हैं। इतना अच्छा प्लेटफार्म छात्रों को समिति द्वारा प्रदान किया गया तथा इतनी शालीनता के साथ इस समारोह को मैं देख रही हूँ। मुझे स्वप्रेरणा मिली मैं भी इस समिति की सदस्य बनू, ताकि ऐसे सुन्दर कायक्रमों में अपना सहयोग कर सकूं। छात्रों को कहा प्रथम कदम सकारात्मक व नियमबद्ध बढ़ाएं, लगन व निरंतर प्रयास करते रहें तो मंजिल आपके पास होगी।

अतिथियों द्वारा ''प्रोत्साहन'' स्मारिका का विमोचन किया गया। समारोह की एक ओर खास बात रही सभी जांगिड विकास समिति के पदाधिकारी व सदस्य एक ही ड्रेस कोड में उपस्थित थे।

जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम पंवार ने कहा कि जांगिड विकास समिति दादी का फाटक के कार्यशैली का अलग ही अन्दाज है। हमने भी कुछ समय पूर्व जिला सभा द्वारा प्रतिभावान सम्मान समारोह रखा था, उसकी प्रेरणा इस समिति से ही ली। शिक्षा ही एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें समाज आगे आ सकता है और यह समिति शिक्षा को प्रोत्साहन देने का ही कार्य कर रही है। महासभा को इस क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक कदम बढ़ाना चाहिए। वर्तमान में अन्य समाज भी हमारी ओर ऐसे प्रोग्रामों को देख रहे हैं। हमें जो भी कार्य करना है वो ईमानदारी से करें। जगदीश चन्द जी ने विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की वहीं राकेश जी व रामचन्द्र उत्ता विजयी नहीं हो पाए शायद हमारी कोशिश उपयुक्त नहीं थी। हमें प्रदेश सभा भवन में कोचिंग की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि अधिक से अधिक छात्र राष्ट्रीय स्तर पर आगे आ सकें।

अंकित हर्षवाल (जोकि गूगल में सिक्योरिटी इंजीनियर हैं) ने भी अपने विचारों से विद्यार्थियों को सम्बोधित किया तथा कहा कि कड़ी मेहनत करनी होगी एवं धैर्य भी रखना पड़ेगा। आपको जो अच्छा लगता है वो ही आपको करना चाहिए। आपको अपनी च्वाईस से ही शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना है, अपना फील्ड चुने व उसके लिए श्रेष्ठ से श्रेष्ठ करें। उन्होंने अपना भी उदाहरण देते हुए कहा कि मैंने यू.एस.ए. से मास्टर की डिग्री ली और मैंने कुछ अलग ही विषय कम्प्यूटर सिक्योरिटी को चुना। आज मैं गूगल में हूं तथा वर्तमान में 2 करोड़ 61 लाख रुपए का पैकेज प्रतिवर्ष है।

कार्यक्रम के छोटे-छोटे अन्तराल के मध्य समाज की बालिकाओं द्वारा सुन्दर-सुन्दर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गई। इन सभी प्रस्तुतियों की कोरियोग्राफी श्रीमती निशा जांगिड द्वारा की गई।

मंच संचालन श्री चन्द्रकान्त शर्मा एवं श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) द्वारा अपने अनूठे अन्दाज में किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति व शालीनता से एकाग्रचित होकर समारोह का आनन्द ले रहे थे। पूरा पाण्डाल खचाखच भरा हुआ था। हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं उनके संरक्षक, समाज बन्धु समिति के पदाधिकारी व अतिथिगणों से भरा विशाल मंच यह बयां कर रहा था कि बिना मंच संचालन कर्ता के ये असंभव सा है। यह एक आर्ट है। मंच संचालनकर्ता समारोह की जान होती है। और यहाँ तो चन्द्रकान्त शर्मा, कैलाश शर्मा और चन्द्रदत्त जी सभी मंच संचालन में माहिर है।

अतिथियों द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को दुपट्टा पहनाकर, प्रमाण पत्र, प्रतीक चिह्न एवं ज्ञान वर्धक पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया गया।

6 बच्चों को छात्रवृत्ति भी समिति द्वारा प्रदान की (जोकि निर्धन परिवार से थे) लगभग 300 विद्यार्थियों, स्पोर्ट्स, राजकीय सेवा में चयन, आई.आई.टी., इंजीनियरिंग, सी.ए., आर्टिस्ट, बी.एड., बी.सी.ए., उच्च शिक्षा प्राप्त विद्यार्थियों में आदि को इस समारोह में सम्मानित किया गया।

कक्षा 8, 10 व 12 में राज. बोर्ड व सी.बी.एस.ई. की परीक्षाओं में अधिक से अधिक अंक लाकर प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे, उनको गोल्ड व सिल्वर मेडल प्रदान किए गए, जिनमें :-**सैकण्डरी बोर्ड परीक्षा में : स्वर्ण**-गौरव जांगिड सुपुत्र श्री बृजमोहन जांगिड, **रजत**-तनेषा शर्मा सुपुत्री देवेन्द्र कुमार शर्मा, **रजत**-मनीषा जांगिड सुपुत्री रमेश चन्द्र शर्मा। **सैकण्डरी सी.बी.एस.ई. बोर्ड में : स्वर्ण**-अवनी जांगिड सुपुत्री राजेश शर्मा, **रजत**-योषिता जांगिड सुपुत्री लोकपाल शर्मा। **सी.सै. बोर्ड परीक्षा में : स्वर्ण**-आरती जांगिड सुपुत्री श्री कैलाश चन्द्र जांगिड, **रजत**-विजय जांगिड सुपुत्र प्रेम प्रकाश जांगिड। **सी.सै. सी.बी.एस.ई. बोर्ड में : स्वर्ण**-अक्षिता जांगिड सुपुत्री श्री राकेश जांगिड, **रजत**-रजत शर्मा सुपुत्र श्री दिनेश शर्मा।

जिन्होंने स्मारिका ''प्रोत्साहन-2018'' के प्रकाशन में विज्ञापन दिया उनको भी सम्मानित किया गया।

श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' जी ने आई.ए.एस. की ट्रेनिंग व उसके सलेक्शन की प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध करवाई।

श्री लखन शर्मा द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा कि यह आयोजन बहुत ही उत्तम रहा। हमें सरकार से जमीन व हॉस्टल के लिए डिमाण्ड करना चाहिए। लड़कियाँ बहुत आगे है लड़के पीछे हैं। हमें उनको

आगे लाना है। माताओं से मेरी तरफ से गुजारिश है वे बच्चों पर विशेष ध्यान दें। लॉटरी सिस्टम से 21 साईकिलों छात्र-छात्राओं को दी गई। ये साइकिले सांवरमल जी महेन्द्र कुमार जी मुम्बई की ओर से प्रदान की। आर.के. फर्नीचर की ओर से श्री कैलाश जी एवं रतन सिंह जी द्वारा हर वर्ष की भांति 15 कम्प्यूटर टेबल छात्रवृत्ति प्राप्त एवं सिल्वर, गोल्ड मेडल प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रदान की।

प्रथम नाश्ता श्री रामरतन जांगिड रामपुरा डाबडी द्वारा प्रायोजित था तथा द्वितीय नाश्ता श्रीमती एवं श्री वेदप्रकाश जांगिड की ओर से प्रायोजित था।

इस अवसर पर श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा, श्री बाबूलाल जांगिड शर्मा इंजीनियरिंग, श्री महेश जांगिड पावर मेक, पं. ज्ञानेश शर्मा, श्री राजेश शर्मा बी.के.आई., श्री सुशील कुमार शर्मा पार्षद, श्री भंवर जी पार्षद, श्री पी.डी. शर्मा, श्री भागीरथ जी कार्यालय मंत्री, श्री नरेन्द्र जी कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री भारती जांगिड उपप्रधान, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री नवल किशोर शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री ओमप्रकाश जांगिड विश्वकर्मा ट्रेडर्स, श्री लालचन्द जांगिड संरक्षक जांगिड युवा शक्ति, श्री सुरेश जी गोगोरिया युवा प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, श्री राकेश जांगिड एम.टेक. इंजीनियरिंग, श्री सुभाष जांगिड भगवती वुड क्राफ्ट, श्री सुभाष जांगिड सागर ट्यूबवेल कम्पनी, श्री नवीन जांगिड जय श्री कंस्ट्रक्शन, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यालय मंत्री महासभा, श्री चौथमल जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष सीकर, श्री चिरंजीलाल जांगिड अध्यक्ष छात्रावास सीकर, श्री नरेन्द्र जांगिड व्यवस्थापक छात्रावास सीकर, डॉ. अशोक जांगिड उपप्रधान सभा, श्री नन्दलाल खण्डेला सीकर, श्री मालीराम जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री गजानन्द जांगिड एक्स.ई.एन., श्री पी.एन. शर्मा से.नि. अधिकारी बी.एस.एन.एल., श्री भगवान सहाय जांगिड रींगस, श्री नवरतन जांगिड अजंता ऑप्टीकल्स, गोपाल शर्मा मीडिया प्रभारी प्रदेश सभा, महेश शर्मा (भगवती फर्नीचर), श्री कन्हैयालाल चिचावा, श्री पूरण जी झोटवाड़ा, श्री सीताराम जी बैंक, योगेश जी पूर्व महामंत्री युवा प्रकोष्ठ, श्री मूलचन्द लावण्डीवाल ब्लॉक अध्यक्ष, श्री रमेश चन्द जी महामंत्री जिलासभा, श्री सुरेन्द्र जी कासलीवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री दिनेश जी कड़वाणिया, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा, श्री हनुमान सहाय कड़वाणिया, श्री सीताराम जी टटेरा उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री रामजीलाल जांगिड विराट नगर, श्री गजानन्द जी गोगोरिया अध्यक्ष ठेहर का बालाजी, श्री महेश जांगिड प्रवक्ता प्रदेश सभा, श्री रामेश्वर जी टटेरा, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा आदि उपस्थित हुए।

अन्त में श्री चन्द्रदत्त जांगिड द्वारा सभी आगन्तुक महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**जांगिड सेवा समिति चौमूं (जयपुर) का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न**

30 दिसम्बर, 2018 को वीर हनुमान मार्ग स्थित जांगिड समाज सभा स्थल पर जांगिड सेवा समिति चौमूं के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष चौमूं श्री मदन पंवार द्वारा की गई। मुख्य अतिथि श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर तथा विशिष्ट अतिथि भारती जांगिड उपप्रधान महासभा एवं अंजू जांगिड महिला जिलाध्यक्ष जयपुर थी।

उन प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने 70% से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण 20 छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया, वहीं कक्षा 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण 25 विद्यार्थियों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान नेहा जांगिड सुपुत्री श्री किशनलाल जांगिड निवासी रामपुरा तथा 10वीं कक्षा में प्रथम स्थान अर्पित जांगिड सुपुत्र श्री रामजीलाल रामपुरा रहे।

इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष महासभा एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज. श्री बाबूलाल पंवार, महासभा उपप्रधान फूलचन्द जांगिड, श्री हजारी लाल जी बुरोला, कन्जू लाल जी धानोता, श्री अर्जुन लाल शर्मा, श्री रामू जी कुंभपुरिया, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल, श्री मूलचन्द जी लावण्डीवाल ब्लॉक अध्यक्ष, श्री रमेश चन्द शर्मा महामंत्री जिला सभा, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा, श्री दिनेश जी कड़वाणिया, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री लल्लू जी धोबलाई, सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री देवदत्त राजोतिया एवं श्री रामस्वरूप खटवाड़िया, श्री मामराज डेरोलिया, मंत्री दिनेश खटवाड़िया, कैलाश जी भादरिया, सेवा समिति अध्यक्ष प्रहलाद पंवार, रामपाल, तुलसीराम, प्रकाश भादरिया आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थि थे।

मंच संचालन कोषाध्यक्ष श्री कैलाश हर्षवाल द्वारा किया गया।

**तहसील सभा आमेर (जयपुर) के अध्यक्ष पद पर श्री ओमप्रकाश कींजा निर्विरोध निर्वाचित**

30 दिसम्बर, 2018 को हनुमान मन्दिर गुणावता में तहसील अध्यक्ष आमेर के चुनाव के लिए नामांकन के दिन मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा सर्वसम्मति से श्री ओमप्रकाश कींजा नागल सुसावतान निर्विरोध आमेर तहसील के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री महेश चन्द जांगिड पर्यवेक्षक श्री द्वारका प्रसाद पंवार, सहचुनाव अधिकारी श्री गोपाल जी पाटोदिया, जिला चुनाव प्रभारी श्री भगवान सहाय जांगिड चुनावी टीम में सम्मिलित थे। नामांकन के दौरान दो नामांकन श्री शंकर लाल जांगिड इजराला एवं श्री ओमप्रकाश कींजा सुसावतान के दाखिल हुए, जिसमें श्री शंकर लाल जांगिड इजराला ने समाज हित को देखते हुए अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया और मात्र एक नामांकन पत्र श्री ओमप्रकाश कींजा का शेष रहने पर मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा उनको आमेर तहसील अध्यक्ष घोषित कर दिया। इस प्रकार से ओमप्रकाश कींजा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा इनको पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलवाई।

पूर्व तहसील अध्यक्ष द्वारा चुनावी टीम का निष्पक्ष चुनाव कराने पर माल्यार्पण व साफा बन्धवाकर सम्मानित किया तथा सभी उपस्थित समाज बन्धुओं ने नव निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया।

इस अवसर पर श्री महेश जी गुणावता पूर्व अध्यक्ष, श्री अशोक

जी हरषोलिया पूर्व महामंत्री, श्री गोपाल जी पीली की तलाई पूर्व कोषाध्यक्ष तह. सभा आमेर, पूरण जी गुणावता, जगदीश जी अध्यक्ष दिल्ली रोड समिति एवं कई गणमान्य समाज बन्धु उपस्थित हुए।

**श्री जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला विकास समिति भन्दे बालाजी के श्री नन्दकिशोर जांगिड अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित**

30 दिसम्बर, 2018 को श्री जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला विकास समिति भन्दे बालाजी के चुनाव श्री मन्नालाल जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा जोबनेर के सान्निध्य में हुए, जिसमें श्री नन्द किशोर जांगिड हरसोलिया सुपुत्र स्व. श्री भोलूराम जांगिड सिनोदिया वाले को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उन्हें निर्वाचन अधिकारी द्वारा पद एवं गोपनीयता की भी शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री नन्द किशोर जांगिड एवं पूर्व अध्यक्ष श्री छगन लाल जी जांगिड (बूंदवाल) दोनों का उपस्थित समाज बन्धुओं ने माल्यार्पण कर साफा बंधवाकर सम्मानित किया गया।

**प्रदेश सभा राजस्थान की महिला कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग सम्पन्न**

29 दिसम्बर, 2018 को प्रदेश सभा भवन विद्याधर नगर, जयपुर में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा राजस्थान की महिला प्रदेश कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महिला प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती संतोष जांगिड द्वारा की गई। मुख्य अतिथि श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज. थे। अतिथियों के रूप में डॉ. मीना जांगिड कार्यकारी अध्यक्ष, श्रीमती स्मिता जांगिड महामंत्री, श्रीमती गायत्री शर्मा कोषाध्यक्ष, अनुपमा शर्मा उपाध्यक्ष, डॉ. नीलम जांगिड महिला जिलाध्यक्ष चुरू, श्रीमती भारती जांगिड उपप्रधान महासभा, श्रीमती आशा जांगिड संरक्षक प्रदेश सभा, श्रीमती अनिता शर्मा उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्रीमती संतोष जांगिड जिलाध्यक्ष पाली व उपप्रधान महासभा, श्रीमती अंजू जांगिड जिलाध्यक्ष जयपुर, श्रीमती गीता शर्मा जिलाध्यक्ष उदयपुर, श्रीमती सरिता शर्मा जिलाध्यक्ष जोधपुर, श्रीमती रामेश्वरी देवी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्रीमती पुष्पा शर्मा अजमेर आदि उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम आराध्य देव के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर मीटिंग का शुभारंभ किया। सभी मंचासीन एवं उपस्थित कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का संक्षिप्त परिचय हुआ।

डॉ. मीना जांगिड द्वारा आज के एजेन्डे पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। महिला प्रदेश कार्यकारिणी के एजेण्डे में * महासभा की सदस्यता अभियान * कोष एकत्र करना, शिक्षा, छात्रवृत्ति, बालिका छात्रावास * महिला कार्यकारिणी द्वारा स्मारिका का प्रकाशन, विज्ञापन द्वारा कोष एकत्र करना * शाखा, तहसील व जिला स्तर पर महिला संगठन का गठन करना * महिला सशक्तिकरण हेतु जागृति लाना * प्रदेश जिला स्तर पर कम से कम 100 सदस्य महासभा के बनाना आदि थे, जिस पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए।

आपने बताया हमें अपनी जिम्मेदारी जी जान से निभानी चाहिए। हमारे दायित्व को निभाने के लिए जज्बा हमें अपने आप लाना है। लड़का व लड़की में कोई अन्तर नहीं रखना है। स्वरोजगार के लिए भी मार्गदर्शन किया। हमें बालिका/महिला छात्रावास बनाना है, उसके लिए कोष एकत्र किस प्रकार करें।

श्री लखन शर्मा मुख्य अतिथि द्वारा अपने विचार रखे। उन्होंने बताया हमारी महासभा को 111 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। महिलाओं की भागीदारी समाज को निश्चित रूप से आगे बढ़ायेगी। महिलाओं को आगे आना है तथा बच्चों के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। व्यक्ति के विचार व संस्कार ही बड़ा बनाते हैं। महिलाओं को बच्चों को आज सुसंस्कार देना चाहिए। जब तक नीचे की संस्थाएं मजबूत नहीं होंगी तब तक हम आगे नहीं बढ़ पाएंगे। सभी संस्थाओं को अपने-अपने कार्यालय को सुव्यवस्थित रखना है ताकि ऑफिस में बैठकर नियमित कार्यों को शीघ्रता से निष्पादन कर सके। बाड़मेर, जोधपुर तथा सीकर जिले शिक्षा में अग्रणी हैं, अत: शिक्षा पर हमें ध्यान देना है। मीटिंग के उद्देश्यों को पूर्ण करने पर ही विचार हो, सम्मान समारोह में समय व्यतीत नहीं करना चाहिए एवं इन पर मंथन करना है। महासभा ने महिलाओं के लिए भी कुछ किया है एवं मर्दों से कंधा से कंधा मिलाकर कार्य करे और महासभा को ओर आगे बढ़ाये।

इस अवसर पर विचारों में कहा गया कि महिला संगठन के लिए कुछ एक्टिविटी भी हमें रखना है, मेले आदि लगाने हैं, लघु उद्योग से भी महिलाओं को जोड़ें, महिला मण्डल की स्मारिका छपवाएं, एड से राशि एकत्र करें तथा भामाशाहों से सहयोग लेकर, अपने हाथ खर्चों से बचत कर हमें बालिका छात्रावास बनाने हैं।

भारती जांगिड ने कहा महिलाओं व पुरुषों की आपस में तुलना नहीं करना है। शिक्षा में लड़कियाँ अग्रणी हैं वहीं लड़के बहुत पीछे नहीं हैं। गाँवों में हमारी स्थिति अभी खराब है। महिला सशक्तिकरण के मायने प्रथमत: तो महिलाएं इकट्ठी हैं तथा अब संगठित होने लगी हैं। आज तहसील व जिलों से दूर-दूर से आकर यहाँ पहुँची हैं, इससे आचार-विचारों का आदान-प्रदान होगा, जिससे समाज को फायदा होगा। जिला स्तर पर प्रदेशाध्यक्ष जी को मीटिंग लेना चाहिए। अनुपमा शर्मा ने कहा हमने 2 शिविर भी लगाए हैं ये अलवर से महिला जिलाध्यक्ष हैं। प्रदेशाध्यक्ष द्वारा सराहनीय कदम तभी हम जब आगे आए हैं। शिक्षा आवश्यक है।

अनिता जी बूंदी ने बताया महिला सशक्त है पर अन्दर से भी हो। जन हित के कार्य हमें करना है। डिजिटल इण्डिया की योजनाओं की जानकारी दी। एंड्रायड फोन पर सभी योजनाएं उपलब्ध हैं। हरिशंकर जांगिड ने अपने उद्बोधन में कहा बालिका छात्रावास की आवश्यकता है, मैंने भारती जांगिड को जयपुर जिला का महिला जिलाध्यक्ष बनाया। महिला जिलाध्यक्ष हर जिले में एक आवेदन सरकार को महिला छात्रावास के लिए करे। अतिक्रमण भवनों को छात्रावास के रूप में काम में लें। इस समय संयुक्त परिवार नहीं रहे, हमें स्वयं ही अब बच्चों को सुसंस्कार देने हैं। बच्चों पर शिक्षा का भी जोर दे।

श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा आज प्रदेश सभा में जो महिलाओं का मंच उपस्थित है, बहुत सुन्दर ढंग से अच्छी मीटिंग रही। मैं प्रदेशाध्यक्ष जी को

धन्यवाद दूंगा प्रथम बार राजस्थान में महिला कार्यकारिणी का गठन कर ऐतिहासिक कदम उठाया। उन्होंने कहा एक समिति बनाए, टारगेट फिक्स करें तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन महिला/बालिका छात्रावास के लिए दें। खजाने वालों के रास्ते स्थित श्री बद्रीनाथ जी के मन्दिर में प्रथम तल पर बालिका छात्रावास शुरू करें। देश की आधी आबादी (महिलाएं) कार्य नहीं करें तो देश का उत्थान कैसे हो, इसलिए जो काम पुरुष नहीं कर पाए वो महिलाएं कर सकती हैं, तो क्या राजस्थान का नेतृत्व कोई महिला क्यों नहीं कर सकती।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा द्वारा जो शपथ से वंचित रही थीं वो तथा कुछ नई महिलाओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

मीटिंग में सुनिता जांगिड उपाध्यक्ष, ममता जांगिड व संतोष शर्मा संगठन मंत्री, कृष्णा जांगिड उपमंत्री, मानसी जांगिड कार्यकारिणी सदस्य, नीतू जांगिड कोषाध्यक्ष, सुमन जांगिड कार्यकारिणी सदस्य सभी सुजानगढ़ से, संजना जांगिड कार्यकारिणी सदस्य, मंजु जांगिड, मंजु शर्मा, दुर्गा जांगिड सभी कार्यकारिणी सदस्य, अनिता जांगिड कापरेन संगठन मंत्री, रीतू जांगिड रींगस, मंजु जी, सुशीला जी, अनिता जी, माया देवी, संतोष शर्मा, गुड्डी देवी, अनिता जांगिड, रेखा जांगिड, चन्दा जांगिड, सायर देवी, पूनम शर्मा, मधु शर्मा, सुमन जांगिड, कान्ता, उर्मिला देवी, श्रीमती कुलदीप कौर जांगिड आदि उपस्थित हुए।

समाज के वरिष्ठजनों में श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान, श्री रामरतन जांगिड उपप्रधान, श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा, श्री सीताराम शर्मा टटेरा उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री भागीरथ जांगिड कार्यालय मंत्री प्रदेश सभा, श्री कजोड़मल जांगिड संगठन मंत्री, श्री नन्दलाल खण्डेला, श्री महेन्द्र शर्मा, श्री सत्यनारायण जांगिड टोंक, श्री नरेन्द्र देव कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री दामोदर प्रसाद पूर्व तह. अध्यक्ष शाहपुरा, श्री जगदीश प्रसाद जांगिड झोटवाड़ा, श्री सुनील कुमार, श्री देवदत्त जांगिड चौमूं, श्री कैलाश जांगिड ढेहर का बालाजी, श्री पूरणमल जांगिड ज्योति फर्नीचर, श्री मोहनलाल जी (नींदड़ वाले) कानाराम नगर, श्री राजेश जांगिड नोहटा तह. अध्यक्ष सांगानेर, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा आदि उपस्थित हुए।

मंच संचालन डॉ. मीना जांगिड द्वारा किया गया। यह प्रथम अवसर था। जब इतनी महिलाओं ने दूर-दराज से कई जिलों से पहुँचकर प्रदेश सभा (महिला) कार्यकारिणी की मीटिंग में अपनी उपस्थिति दी। मीटिंग सुचारू रूप से चली तथा कई मायनों में यह सफल रही और इससे आशा जगी है कि अगली मीटिंग में भी बहुत भारी मात्रा में महिलाओं की उपस्थिति रहेगी। महिला प्रदेशाध्यक्ष श्री संतोष जांगिड को शपथ ग्रहण पर भी भारी तादात में महिलाएं उपस्थित हुई।

श्रीमती संतोष जांगिड महिला प्रदेशाध्यक्ष द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

अन्त में सभी उपस्थित महिलाओं व पुरुषों ने सहभोज का आनन्द लिया।

## शाखा सभा सूरजगढ़ (झुंझुनूं) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

30 दिसम्बर, 2018 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा शाखा सभा सूरजगढ़ (झुंझुनूं) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जांगिड गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता श्री मनरूप जांगिड जिलाध्यक्ष झुंझुनूं द्वारा की गई। अतिथियों में श्री शिव कुमार जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री सुनील सिदड़ संगठन मंत्री महासभा, श्री विद्याधर जी जिला प्रभारी झुंझुनूं, असिस्टेंट कमांडेंट श्री रतन लाल गाडाखेड़ा, श्री मनीराम मोटवार तारानगर-ए तथा सभी तहसीलों के तहसील अध्यक्ष एवं समाज के गणमान्य बन्धु उपस्थित हुए। श्री महेश कुमार ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा सभी का स्वागत किया गया एवं नवगठित कार्यकारिणी को श्री मनरूप जांगिड जिलाध्यक्ष द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

समारोह का संचालन श्री नन्दलाल जांगिड महामंत्री जिला सभा झुंझुनूं द्वारा किया गया।

## महासभा के 111 वर्ष पूर्ण होने पर समारोह के रूप में पूरे देश में भव्य आयोजन हुए

**अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा का 112 वां स्थापना दिवस समारोह बड़े ही उल्लास के साथ मेरठ बाईपास स्थित विश्वकर्मा वुड वर्क्स पर मनाया गया।** समारोह का आयोजन अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा की जिला सभा, जनपद मेरठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेशसभा, उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ उपमंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता यशपाल जांगिड ने किया। जिलाध्यक्ष मेरठ श्री ब्रह्मदत्त जांगिड (बिल्ले) के सौजन्य से कार्यक्रम के बहुत ही सफल आयोजन किया गया। समारोह में जिला मेरठ के अलावा बागपत, बड़ौत, गाजियाबाद, मोदी नगर, दौराला तथा पिलाना इत्यादि स्थानों से पदाधिकारियों एवं जांगिड समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के उपाध्यक्ष श्री ब्रह्मदत्त जांगिड (गाजियाबाद) ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सुनील कुमार जिला अध्यक्ष बागपत, श्री धर्मपाल शर्मा उपाध्यक्ष महासभा, श्री मुकेश कुमार उपाध्यक्ष महासभा, श्री हरपाल शर्मा उपाध्यक्ष महासभा, श्री ध्यान सिंह अध्यक्ष शाखा सभा मोदी नगर तथा सत्य प्रकाश अध्यक्ष ब्लॉक सभा, पिलाना तथा संरक्षक श्री रामनिवास, ओम प्रकाश शर्मा एवं श्री श्याम सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष मेरठ श्री ब्रह्मदत्त जांगिड (बिल्ले), महामंत्री महेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष श्री रमेश चंद शर्मा, राजेश्वर शर्मा, श्री नरेन्द्र फौजी, प्रदेश सभा संगठन मंत्री सचिन शर्मा ने किया। महासभा का जन्म 27 दिसम्बर, 1907 को जांगिड ब्राह्मण योग सभा के रूप में हुआ जो आगे चलकर जांगिड ब्राह्मण महासभा के नाम से प्रसिद्ध हुई। सभा के संस्थापकों में पंडित गोवर्धन शर्मा मथुरा, डॉ. इंद्रमणि शर्मा।

## देवास नगर में 112वां महासभा स्थापना दिवस मनाया गया

27 दिसम्बर, 2018 को प्रादेशिक कार्यालय मध्य प्रदेश (श्री पी.डी. शर्मा जी के प्लॉट) पर महासभा का 112वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से गरिमापूर्ण तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम हमारे आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा का पूजन प्रदेश अध्यक्ष पी.डी. शर्मा जी एवं मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों के करकमलों से करवाया गया। विश्वकर्मा स्तुति का वाचन किया गया। महासभा का ध्वज फहराया गया एवं ध्वज वंदना की गई। प्रदेश अध्यक्ष महोदय का स्वागत पुष्पमाला के द्वारा किया गया। बिरदीचंद जी धामू जो मूर्तिकार हैं, श्री बद्रीलाल जी मिस्त्री जो मंदिर निर्माण कलाकार हैं का स्वागत शॉल, श्रीफल एवं पुष्प माला से किया गया। कु. श्रुति पालेचा कत्थक नृत्य कलाकार, कुं. देव श्री माकड जो भरतनाट्यम में पारंगत हैं का मोमेंटो एवं बुके से स्वागत किया गया। वरिष्ठजनों में श्री आत्माराम जी डांगरा, श्री लक्ष्मीनारायण जी शर्मा, श्री कन्हैयालाल जी शर्मा, श्री मदनलाल जी बिरानिया देवास का पुष्पमाला शॉल से स्वागत किया गया। सम्मान समारोह के पश्चात् महासभा की स्थापना एवं महासभा के इतिहास पर शिवनारायण शर्मा द्वारा प्रकाश डाला गया। मातृशक्ति में कुमारी श्रुति शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया। अध्यक्षीय भाषण में श्री पी.डी. शर्मा ने कहा कि हमें महासभा से जुड़ना चाहिए और महासभा को शक्तिशाली बनाना चाहिए, इसमें आप सभी का सहयोग चाहिए, आप सभी ने उपस्थिति दी इसके लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं। अंत में श्री ओमप्रकाश कारपेंटर साहब ने आभार प्रदर्शन किया एवं स्वल्पाहार के पश्चात् कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई। हर्ष की बात है कि मातृशक्ति की उपस्थिति प्रशंसनीय रही।

### गाँधीधाम

27 दिसम्बर, 2018 को अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा स्थापना दिवस जांगिड ब्राह्मण समाज वाडी गाँधीधाम में हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना, आरती, प्रसाद वितरण। उपस्थित समाज बंधुओं ने महासभा की स्थापना व कार्यों से संबंधित अपने-अपने विचार व्यक्त किए। श्री गुरुदत्त शर्मा ने महासभा व गाँधीधाम समाज से जुड़े अपने पुराने संस्मरण व्यक्त किए। प्रदेश महामंत्री श्री मोहनलाल जांगिड ने महासभा की स्थापना, इतिहास से जुड़ी काफी सारी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की तथा महासभा के संस्थापक महापुरुषों का संक्षिप्त परिचय व उनके कार्यों के बारे में बताया। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री विजयराज जांगिड, जिलाध्यक्ष श्री खीमचंद जांगिड, श्री नारायण लुंजा व जिला मंत्री श्री राजेन्द्र जांगिड ने अपने-अपने विचार रखे।

### ब्यावर-अजमेर

27 दिसम्बर, 2018 को श्री विश्वकर्मा भवन मेवाड़ी गेट, ब्यावर-अजमेर (राज.) पर अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा दिल्ली का स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें महासभा, प्रदेश सभा, जिला सभा, शाखा सभा व महिला शाखा के पदाधिकारीगणों सहित सैंकड़ों समाज बन्धुओं व महिलाओं ने भाग लिया। भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। ब्यावर की सभी संस्थाओं के अध्यक्षों व गणमान्यों का स्वागत किया गया। श्री ब्रह्मदेव शर्मा ने स्वागत भाषण दिया, ओमप्रकाश मोहनलाल लदोया, कमल गोठडीवाल, सम्पत पाटोदिया, रमेश बरवाडिया, जगदीश कंवलेचना, पुष्कर पाटोदिया, महेश जोपालिया, गौरी शंकर बरनेला, रीटा कंवलेटा आदि भी मौजूद रहे। शिक्षा, खेलकूद व अन्य प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। महासभा इतिहास पर प्रकाश डाला गया। सभी संस्थाओं के अध्यक्षों व गणमान्यों ने अपने उद्बोधन में महासभा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं व विचार व्यक्त किए। सभी अतिथियों व प्रतिभाओं को महासभा स्थापना प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद व अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी ने एक-दूसरे का अभिवादन किया व स्थापना दिवस की बधाई देते हुए विसर्जन हुआ। बसन्त कुमार जांगिड (गैपाल) उपप्रधान महासभा, शिक्षाविद् बी.पी. पथिक, कैप्टन रामेश्वर प्रसाद, किशन अशोक छड़िया, जसराज जायलवाल, धर्मीचन्द, देवीलाल लेखरा, राजेश निशान, चतुर्भुज कुलरिया उपस्थित रहे।

### अहमदाबाद

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा की 112वीं वर्षगांठ अहमदाबाद की जांगिड समाज वाडी में विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना करके महासभा का झण्डारोहण कर बड़े हर्षोल्लास से नमन किया एवं महासभा के सभी स्थापकों को याद कर उनके कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर मदन लाल शर्मा, राजेन्द्र जी, मनोहर जी, ग्यारसी लाल जी, महावीर जी, कमलेश जी, रोहताश जी, रामस्वरूप जी, बंसीलाल जी, बीरबल जी एवं समाज के गणमान्य मौजूद थे। सभी ने प्रसाद का आनंद लिया व विश्वकर्मा जी के जयकारे के साथ समापन किया।

### अलवर शहर

अ.भा.जां.ब्रा.महासभा दिल्ली की 112वीं वर्षगांठ पर अलवर शहर में प्रदेश उपाध्यक्ष सोहनलाल जांगिड के सान्निध्य में बड़ी धूमधाम से मनाया गया व साथ में अल्पाहार भी किया गया। 111वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ जांगिड समाज के गणमान्य सम्मानीय श्री महादेव प्रसाद जांगिड एडवोकेट, अशोक जी समाज सेवी, कल्याण सहाय जी जा.यु.स. पदाधिकारी, श्याम लाल जी मंत्री, बालाराम जांगिड जी, किरोडी लाल जी, दुष्यन्त जांगिड जी, राजेश जी पूनम इलेक्ट्रिक, ओमप्रकाश जी कैशियर, अजय जांगिड एडवोकेट, एडवोकेट इमरान खान जी, महेन्द्र सैनी जी, रिपुसूदन चौधरी जी, सतीश जांगिड एडवोकेट, राकेश जांगिड, दीपक जांगिड व जांगिड समाज के गणमान्य लोगों के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों ने भी बड़ी धूमधाम से मनाया है।

### सीकर

27 दिसम्बर, 2018 को सीकर जिले की समस्त तहसील मुख्यालयों पर जांगिड ब्राह्मण महासभा का स्थापना दिवस संबंधित तहसील अध्यक्ष जी के सान्निध्य में आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विद्वान बंधुओं ने महासभा की स्थापना के उद्देश्यों के बारे में

अवगत करवाने के साथ ही साथ सामाजिक एकता, शिक्षा, दहेज कुप्रथा, मृत्युभोज, राजनीति में भागीदारी, संगठन को मजबूत करने, सामाजिक जनगणना का कार्य, सरकार से मिलने वाली सुविधाओं एवं जिले में चल रहे विभिन्न संगठनों में एकता कर आगामी विश्वकर्मा जयंती, विश्वकर्मा पूजा दिवस एवं अंगिरा ऋषि जयंती एक साथ मिलकर मनाने पर विचार किया गया। सीकर शहर में आयोजित कार्यक्रम में मानव सीटी के चेयरमेन भामाशाह आदरणीय गिरधारी लाल जी जांगिड ने जांगिड ब्राह्मण जिला महासभा सीकर के भवन के लिए अपनी ओर से सहयोग स्वरूप ग्यारह लाख रुपए देने की घोषणा की। समाज के सभी बंधुओं ने भामाशाह आदरणीय गिरधारी लाल जी का आभार व्यक्त किया तथा इनके उज्वल भविष्य की कामना की।

**बस्सी–जयपुर**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा के 111 वर्ष पूर्ण होने पर विश्वकर्मा मंदिर तहसील सभा बस्सी (जयपुर) में पूजा–अर्चना एवं बुजुर्गजनों का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तहसील अध्यक्ष श्रीमान रमेश जी रावत ने महासभा के नींव व समाज को जांगिड ब्राह्मण का दर्जा दिलाने वाले महापुरुषों के बारे में बताया। मंदिर प्रांगण में शाखा सभा अध्यक्ष गोपाल जी बैवाल, युवा शक्ति प्रदेश मंत्री हंसराज जी, युवा शक्ति तहसील अध्यक्ष राजेश जांगिड, राकेश जी बस्सी, नन्दलाल मास्टर, कैलाश जी एवं समाज बंधुओं ने महासभा के गौरव व दीर्घायु की कामना की।

**बालोतरा–बाड़मेर**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा का 112वां स्थापना दिवस श्री विश्वकर्मा छात्रावास बालोतरा (जिला बाड़मेर) के सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुड़ामालानी तहसीलदार नारायणलाल जी रालड़िया, आबकारी थानाधिकारी कुन्नाराम जी धीर, प्रिंसिपल मॉडल स्कूल पिताम्बर जी धीर, डॉ. अक्षय जी जांगिड, राजस्व निरीक्षक कमलेश जी लेताल, बांकाराम जी बरड़वा जिलाध्यक्ष बाड़मेर सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर विभिन्न समितियों के 51 पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। महासभा के बायतु तहसील के अध्यक्ष गोमाराम जी पिंगल और उनकी कार्यकारिणी को तथा पचपदरा तहसील अध्यक्ष मिश्रीमल जी रालड़िया को शपथ ग्रहण करवाई गई। अतिथि के रूप में अमराराम जी कुलरिया उमरलाई, उम्मेदाराम जी कुलरिया, भंवरलाल जी पिंगल, भेराराम जी छड़िया, पुनमाराम जी नागल मंचासीन थे। अल्पाहार की उचित व्यवस्था रखी गई। इस अवसर पर घेवरचंद सुंधा, छगनलाल लुंजा, करनाराम माकड़, मघाराम नागल, जबराराम जोपालिया, छगनलाल जोपिंग, मदनलाल बरड़वा, लिखमाराम कुन्तड, चेतनराम जोपिंग, जीवराज आम्बा, ईश्वरलाल बुढल, नेनाराम बरड़वा, घेवरचन्द चवला, डूंगरराम बोदलिया, जगदीश के. बुढल, डायाराम चवला, जसराज कुलरिया, नर्सिंग उता, सवाई कुलरिया आदि सैंकड़ों समाज बंधु समारोह के साक्षी बने। मंच संचालन सिरेमल कुलरिया और मुकेश छड़िया ने किया।

**दमन**

दमन जांगिड समाज ने अ.भा.जां.ब्रा. महासभा का 111 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस समाज के भवन खारीवाड़, बेनज़ीर चैम्बर में ध्वजारोहण कर हवन पूजा आरती व महाप्रसाद और सभा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज में चल रही अनियमित विसंगतियों पर सुधार करने व समाज में द्वेषता टांग खिचाई छोड़कर महासभा की प्रगति कैसे हो इस बात पर जोर दिया गया। सभी ने अपने–अपने सुझाव विचार रखे आज के अतिथि महासभा उपप्रधान सम्पादक जटा शंकर एच. शर्मा, पूर्व उपप्रधान महासभा श्री नाथूलाल जी शर्मा, दमन स्थानिक प्रायोजक दमण अध्यक्ष रामप्रसाद जी, श्री नारायण मल जी उपाध्यक्ष गुजरात, महासभा संगठन मंत्री लीलाधर जी, प्रहलाद जी, नंदकिशोर जी, नीवाश जी, धर्मराज जी, गुमानजी, महेश जी, कालुराम जी व समस्त गणमान्य लोग सभा को संबोधित सम्पादक जे.एच. शर्मा ने किया। उन्होंने सभी समाज के महापुरुषों के कार्यकलापों की जानकारी और महासभा की पुरानी जानकारी और हाल ही विस्तार पूर्ण जानकारी से सभी को अवगत कराया व प्रकाश डाला। प्रोग्राम का शानदार समापन हुआ।

**बगरू**

27 दिसम्बर, 2018 को श्री विश्वकर्मा मन्दिर बगरू में तहसील सभा बगरू द्वारा अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा का 112वां स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री विश्वकर्मा को गजरा माला अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। उसके बाद अ.भा.जां.ब्रा. महासभा की स्थापना को 111 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए इस समारोह में महासभा के उत्थान के लिए अपने जीवन का अमूल्य समय देने वाले पिता तुल्य बुजुर्गों का माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया व महासभा को और मजबूत बनाने के लिए समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगों को महासभा के सदस्य बनने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर श्री गोपाल जी कींजा, श्री रामेश्वर जी दायमा, श्री गोपाल जी रावत, श्री रामस्वरूप जी चोयल संरक्षक तहसील सभा बगरू का सम्मान किया गया। समारोह में हनुमान जी खिलकानिया (तहसील अध्यक्ष बगरू), मदनलाल जी सीलक (प्रधान श्री विश्वकर्मा मन्दिर बगरू), कन्हैयालाल जी रावत अध्यक्ष सा.वि.स. बड़ के बालाजी, श्रीमती प्रभावती जांगिड तह. अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, कन्हैयालाल जी चोयल पूर्व अध्यक्ष शाखा सभा बगरू, जगदीश जी माकड, अनिल जी दोदोलिया, मोहन जी दायमा, शिवकुमार शर्मा आदि और भी समाज बन्धु उपस्थित रहे समारोह के अन्त में भगवान श्री विश्वकर्मा जी का प्रसाद वितरित किया गया।

**अमरसर**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा का 112 स्थापना दिवस मनाया। नायन गाँव के विश्वकर्मा मन्दिर में गुरुवार को श्रमभूषण पुरस्कार विजेता ओडी शर्मा के मुख्य आतिथ्य व सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष लखन जांगिड की अध्यक्षता में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा का 112वां स्थापना दिवस मनाया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि ओ.डी. शर्मा ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं को समाज में व्याप्त कुरीतियों का उन्मूलन करने का प्रयास

करना चाहिए तथा समाज की तरुण पीढ़ी को मार्गदर्शन व उचित दिशा-निर्देश देकर शिक्षा की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देनी चाहिए।

सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष लखन लाल जांगिड ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध वर्ग को समाज में आपसी सहकारिता स्थापित करने में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए तथा अपने बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा तथा उच्च शिक्षा दिलाने का प्रयास करना चाहिए।

अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा केन्द्रीय मीडिया कमेटी सदस्य मनोज जांगिड ने कहा कि शिक्षा के प्रचार-प्रसार से ही किसी भी समाज व देश का विकास होना संभव है, इसलिए समाज के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए संवेदनशील रहना चाहिए।

इस दौरान भागीरथ मल जांगिड सिहोडी, कर्मचारी समिति अध्यक्ष रामस्वरूप जांगिड, मक्खन लाल जांगिड, मोहन लाल जांगिड, मंगल चंद्र जांगिड, पूरणमल जांगिड, ओमप्रकाश जांगिड, कपिल जांगिड, बाबूलाल जांगिड, प्रकाश जांगिड, अरविंद जांगिड सहित कई लोगों ने विचार व्यक्त किए।

इस दौरान भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा का 112 वां स्थापना दिवस मनाया गया।

**प्रदेश सभा राजस्थान**

प्रदेश सभा राजस्थान द्वारा अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली का 112वां स्थापना दिवस विद्याधर नगर स्थित प्रदेश सभा भवन जयपुर में समारोह पूर्वक मनाया गाय।

ध्वजारोहण प्रदेश सभा भवन में किया गया, जिसमें प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा, श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) प्रदेश प्रभारी राजस्थान, श्री शिव नारायण थानेदार उपप्रधान महासभा, श्रीमती संतोष जांगिड महिला प्रदेशाध्यक्ष राज., डॉ. अशोक जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा, श्री नरेन्द्र देव कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री घनश्याम जी पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री सुरेश पिलवाल मुख्य चुनाव प्रभारी, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यलय मंत्री, श्री रामजीलाल विराट नगर, श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), श्री सुरेश गोगोरिया प्रदेशाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), श्रीमती स्मिता शर्मा महामंत्री जिला सभा, श्री गजानन्द जांगिड एक्स.ई.एन. पी.एच.डी., श्री मालीराम देमण उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री रोहिताश्व जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री पी.एन. शर्मा (बी.एस.एन.एल.) उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री सुभाष जी डिजाइन डेकोर, श्री राजेश जांगिड एम.टेक. इंजीनियरिंग, श्री रामरतन जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल, श्री रमेश चन्द जी महामंत्री जिलासभा, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा, श्री जगदीश डूंगरी, श्री भागीरथ जांगिड सिहोडी कार्यालय मंत्री प्रदेश सभा, श्री मूलचन्द जी लावण्डीवाल ब्लॉक अध्यक्ष सिविल लाईन, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री कजोड़मल जांगिड चीथवाड़ी, श्री कैलाश जी आलीसर, श्री कैलाश जी घसवा, श्री कन्हैयालाल चिचावा, श्री कजोड़ जी चिथवाड़ी, श्री दिनेश कड़वाणिया, श्री गजानन्द जी गोगोरिया, बाबूलाल जी बासड़ी, गोपाल पाटोदिया, श्री सीताराम टटेरा, श्री जगदीश जी रोड़वेज, श्री जयनारायण जी, श्री मुंशी लाल जी, श्री योगेश जी, मनोज एडवोकेट, घीसालाल सिरोठिया, सुवा लाल जी आदि उपस्थित हुए।

इस अवसर पर सभी ने महासभा के गौरवशाली 111 वर्ष पूर्ण होने पर महासभा की उपलब्धियाँ बताई, समाज कैसे और आगे बढ़े इस पर अपने-अपने विचार रखे।

**महासभा के 112 वर्ष के स्थापना दिवस पर विश्वकर्मा मन्दिर झुंझुनूं में कार्यक्रम सम्पन्न**

अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा जिला सभा झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष मनरूप जांगिड एवं समस्त कार्यकारिणी द्वारा महासभा के 111 वर्ष के स्थापना दिवस पर विश्वकर्मा मन्दिर, झुंझुनूं में कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया एवं महासभा के उपप्रधान शिव कुमार जांगिड व संगठन मंत्री सुनील सीदड़ द्वारा महासभा के कार्यकलापों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी जाकर महासभा को मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में कन्हैयालाल, मोहनलाल, बंशीधर, रामअवतार, कैलाश चन्द, सुरेश चन्द, रामनिवास, श्याम सुन्दर आसलिया व समाजगण उपस्थित रहे।

**जांगिड ब्राह्मण समाज के समारोह में वरिष्ठजन और प्रतिभाएं अजमेर में सम्मानित**

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महासभा की 111वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जांगिड ब्राह्मण शाखा सभा अजमेर के तत्वावधान में जांगिड समारोह स्थल जांगिड बैंक में वरिष्ठजन, प्रतिभा सम्मान समारोह व पौषबड़ा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री कन्हैयालाल सोलाणिया ने महासभा ध्वजारोहण कर किया।

समाज के मानस मंडल के विष्णु रुलेठिया, अरुण झालुण्डिया तथा राहेश बूंदवाल ने संगीतमय सुन्दरकांड का पाठ किया। दोपहर को वरिष्ठजन तथा प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले 23 वरिष्ठजनों व दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत, अधिस्नातक, स्नातक, डिप्लोमा 70 प्रतिशत एवं खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाली 63 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 4 प्रतिभाओं डॉ. रिया शर्मा को शिशु रोग में स्वर्ण पदक प्राप्त करने, डॉ. हीना इनाणी को केमिकल साइंस में पी.एचडी. उपाधि प्राप्त करने, प्रियंका शर्मा को राजस्थान महिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व तथा महिला आईपीएल की राजस्थान रॉयल टीम में चयन होने पर तथा अनुपमा शर्मा को एमडीएस यूनिवर्सिटी में एम.कॉम. में सर्वाधिक 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त करने फलस्वरूप सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बंशी लाल रहे। विशिष्ट अतिथि मोहनलाल पाटोदिया, सतीश चंद जांगिड, सावित्री शर्मा, एम.आर.

शर्मा ने की। शाखा सभा अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी ने अतिथियों का सम्मान किया। शाखा अध्यक्ष जगदीश प्रसाद पाखरोट ने स्वागत उद्बोधन के माध्यम से अतिथियों व समाज बन्धुओं का अभिनन्दन व स्वागत किया। मंचासीन अतिथियों ने बच्चों को प्रगति और अग्रसर होने के मूल मंत्र के साथ प्रेरणादायक संदेश दिया तथा समाज एकता के बारे में अपील की। मुख्य अतिथि श्री बंशीलाल ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष एम.आर. शर्मा ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन शाखा सभा मंत्री राजेन्द्र कुमार जालोडिया ने किया।

**चुरू**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा का विश्वकर्मा मन्दिर में गुरुवार को 112वां स्थापना दिवस मनाया गया। संरक्षक मोहनलाल शर्मा ने बताया कि महासभा की स्थापना 27 दिसम्बर, 1907 को अजमेर में हुई थी। इस अवसर पर पंडित जयकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गिरधारीलाल राजोतिया, उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद मीषण, विनोद कुमार जांगिड, महामंत्री भंवरलाल जांगिड, बैजुराम जांगिड, भंवरलाल चोयल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीरज रोलीवाल, शंकर लाल धामू, मनोज राजोतिया मौजूद थे।

**सीकर**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा का 112वां स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को जिला उपाध्यक्ष मनोहर लाल रोसावा की अध्यक्षता में श्री विश्वकर्मा मन्दिर में हुआ। जिला महामंत्री बाबूलाल पूर्व प्राचार्य ने महासभा के उद्देश्य, सदस्यता व जनगणना अभियान पर प्रकाश डाला।

वहीं वक्ताओं ने समाज विकास के लिए राजनैतिक भागीदारी व बालिका शिक्षा का स्तर पर सुधारने पर बल दिया। साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन, आरा मशीन संचालन सहित अनेक प्रस्ताव पारित किया। मुख्य अतिथि श्री गिरधारी लाल कोलस्या ने महासभा भवन निर्माण के लिए 11 लाख सहायता राशि का सहयोग देने की घोषणा की। समारोह में राजकुमार चोयल, राधेश्याम माण्डण, संगठन मंत्री कन्हैयालाल, रामकृपाल, अशोक बधानिया, लालचंद, रामगोपाल पंवार, मंगलचंद, बलदेव आदि शामिल हुए। श्री विश्वकर्मा मंदिर लक्ष्मणगढ़ में जिलाध्यक्ष हरदयाल सनवाली की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। जिसमें चौथमल, जीवण राम आदि ने संबोधित किया। जांगिड वैदिक विद्यालय फतेहपुर में श्री सांवर मल धामू की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। जिसमें जगनाराम धामू, पूर्व सरपंच हरिराम सनवाली आदि शामिल हुए। श्री विश्वकर्मा मंदिर नीम का थाना में बालचंद डाबला की अध्यक्षता में समारोह हुआ। जिसमें जिला मंत्री प्रभातीलाल, पवन कुमार, संतोष कुमार, कैलाश चंद, महेश कुमार आदि शामिल हुए। श्री विश्वकर्मा मंदिर दातारामगढ़ में रामेश्वरलाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। जिसमें भंवरलाल जीजोट, सुरेश दायमा, महेश जालुंड, केदार ऋषिराज, महादेव सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए।

**फागी**

27 दिसम्बर, 2018 को फागी (जयपुर) विश्वकर्मा महामण्डल ने 112वां स्थापना दिवस (महासभा का) हर्षोल्लास के साथ मनाया। भगवान विश्वकर्मा जी की आरती की तथा प्रसाद वितरण का कार्य हुआ।

इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष श्री दामोदर जी, मण्डल अध्यक्ष श्री रामनिवास जी पालड़िया, पूर्व तहसील अध्यक्ष श्री बद्रीनारायण जी, पूर्व सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष श्री रामनिवास सीदड़, श्री शंकरलाल, रामनिवास, कजोड़मल आसल्या, जगदीश, रामेश्वर, गोरधन, रामनिवास, श्रवण, राजू, गोपाल, खेमराज, बाबूलाल, रमेश गोठवाल, हनुमान सीलक, भंवरलाल पेड़वाल सहित कई समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

इस प्रकार सभी जगह देश में 27 दिसम्बर, 2018 को एक उत्सव के रूप में मनाया।

## जयपुर में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत से प्रबुद्ध समाज बन्धुओं ने शिष्टाचार भेंटकर किया अभिनन्दन

5 जनवरी, 2019 को जयपुर में माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी से प्रबुद्ध समाज बन्धुओं के शिष्ट मण्डल ने उनके निवास पर भेंटकर किया अभिनन्दन। श्री पुखराज पाराशर जी ने मुलाकात का सी.एम. से समय लेकर करवाई भेंट। माननीय मुख्यमंत्री का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर, साफा बंधवाकर एवं पुष्प गुच्छ के द्वारा सम्मान किया गया।

इस अवसर पर समाज बन्धुओं में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा राज., समाज के प्रशासनिक अधिकारियों में श्री देवेन्द्र शर्मा से.नि. आर.ए.एस., श्री मुकुट बिहारी जांगिड आर.ए.एस., श्री राकेश जांगिड आर.ए.एस., श्री सुखदेव जांगिड आर.पी.एस., डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री मनोज जांगिड (एस.एम.एस.), श्री गजानन्द जांगिड एक्स.ई.एन. (पी.डब्ल्यू.डी.), श्री विनोद जांगिड पूर्व उपप्रधान, श्री गोपाल जी मीडिया प्रभारी, श्री रमेश चन्द जांगिड महामंत्री जिला सभा, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री मुकेश जांगिड जांगिड सेना, श्री विजेन्द्र जांगिड, श्री बजरंग लाल जांगिड, श्री एस.एल. खाती, श्री सोहनलाल जांगिड, श्री हितेश जांगिड, श्री नवरत्न जांगिड अजंता ऑप्टीशियन, श्री त्रिलोक जी ठेकेदार, श्री ओमप्रकाश जी लावण्डीवाल, श्री सोनू जांगिड, श्री गणेश सुथार, श्री सत्यप्रकाश जांगिड, श्री कुलदीप जांगिड, श्री बृजेश काला, श्री रोहिताश्व जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री मालीराम जांगिड अध्यक्ष भवन निर्माण कमेटी, श्री कन्हैयालाल चिचावा, श्री दिनेश कड़वाणिया, श्री अशोक जांगिड जांगिड इन्टरक्राफ्ट, श्री नरेन्द्र देव शर्मा कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा जयपुर आदि अनेक समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही। शिष्ट मण्डल ने माननीय मुख्यमंत्री जी को समाज के प्रतिनिधित्व देने पर आभार जताया तथा उन्होंने भी धन्यवाद दिया।

## जांगिड विकास समिति सोडाला (जयपुर) द्वारा आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह एवं पौषबड़ा कार्यक्रम सम्पन्न

6 जनवरी, 2019 को जे.एस. गार्डन, 4 नं. डिस्पेंसरी के सामने,

सोडाला, जयपुर में नववर्ष मिलन समारोह एवं पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन जांगिड विकास समिति सोडाला द्वारा आयोजित किया गया। श्री रमेश चन्द्र शर्मा महामंत्री जिला सभा द्वारा मंच संचालन करते हुए अतिथियों को जिसमें श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री कैलाश चन्द लोईवाल संरक्षक जांगिड विकास समिति सोडाला, श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) प्रदेश प्रभारी राज., श्री रामसहाय घसवा उद्योगपति, श्री ओमप्रकाश शर्मा उपप्रधान महासभा, श्रीमती संतोष देवी महिला प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री रामरतन जांगिड उद्योगपति रामपुरा डाबड़ी, श्री बाबूलाल शर्मा (सरपंच) अध्यक्ष जांगिड विकास समिति सोडाला आदि शामिल थे को मंचासीन करवाया।

सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर सामूहिक आरती का गायन हुआ। समिति अध्यक्ष श्री बाबूलाल शर्मा द्वारा महासभा प्रधान श्री रविशंकर शर्मा जी का माल्यार्पण, साफा एवं दुपट्टे से सम्मान किया गया। वहीं सभी अतिथियों का माला एवं दुपट्टे से सम्मान किया गया।

अतिथियों में श्री राजेश जांगिड (रावत) तहसील अध्यक्ष बस्सी, श्री हनुमान सहाय कींजा अध्यक्ष जांगिड हस्तकला सेवा समिति गुर्जर की थड़ी, डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री रामेश्वर जांगिड पूर्व अध्यक्ष सामूहिक सम्मेलन धानोता, श्री जगदीश प्रसाद सांख, श्री नवीन शर्मा जय श्री कंस्ट्रक्शन, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा, श्री रामजीलाल, श्री कैलाश जी घसवा उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री सूरजमल बेवाल वाटिका, श्री गजानन्द जांगिड एक्स.ई.एन. सलाहकार प्रदेश सभा, श्री मालीराम जांगिड अध्यक्ष भवन निर्माण समिति प्रदेश सभा आदि का सम्मान समिति पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

मंच संचालक द्वारा सभी पधारे अतिथियों एवं समाज बन्धुओं को नववर्ष की हार्दिक बधाई दी तथा समिति के बारे में संक्षिप्त में जानकारी दी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जांगिड विकास समिति सोडाला ने अपनी अलग ही पहचान बनाई है तथा प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में यह आयोजन नियमित कर रही है। चूंकि इस वर्ष दो बार प्रतिभा सम्मान हो चुका था, इसलिए समिति ने वह नहीं किया। प्रदेश प्रभारी राजस्थान श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) ने कहा कि निश्चित रूप से इस समिति ने अपनी अलग ही पहचान बनाई है जो कहती है वह साकार रूप में करके भी दिखाती है। मेरी राय में इस वर्ष भी समिति द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह करना चाहिए था।

इस दौरान श्री प्रताप सिंह खाचरियावास मा. मंत्री परिवहन एवं सैनिक कल्याण पधारे, जिनका उपस्थित समाज बन्धुओं ने खड़े होकर करतल ध्वनि से स्वागत किया एवं मंच संचालक महोदय ने मंच पर आमंत्रित किया। श्री बाबूलाल शर्मा समिति अध्यक्ष एवं प्रधान श्री रविशंकर जी द्वारा उन्हें माल्यार्पण कर, साफा बंधवाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

मंत्री महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा जांगिड समाज मेरा अपना ही है। जब मैं विधायक नहीं था तब भी आप मुझे याद करते थे। मैं स्वयं सदैव उपस्थित हुआ और मंत्री बनने के बाद भी आपकी सेवा में तत्पर हूं। मुझे किसी भी समस्या के लिए याद कीजिए मैं हर वक्त आपके साथ खड़ा मिलूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने सचिवालय जाने के लिए एक बार साईकिल, एक बार मोटर साईकिल एवं एक बार पैदल जाने का निर्णय लिया, इसलिए कि मैं जमीन से जुड़ा रहूँ।

श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) द्वारा सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सोडाला समिति की प्रशंसा की। यह समिति समय-समय पर अच्छे कार्यक्रम आयोजित करती रहती है तथा एक बात से मैं अवगत करवाना चाहता हूँ कि दिल्ली में महासभा भवन के लिए मानचित्र तैयार करवाया जा रहा है। समिति से अनुमोदित करवाने के उपरान्त शीघ्र ही अच्छे मुहूर्त से भवन की नींव रखने का कार्यक्रम किया जाएगा।

अन्त में समिति के महामंत्री श्री दिनेश कड़वाणिया ने कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों व समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया एवं विश्वकर्मा जी की जयघोष के बाद सभी को पौषबड़ा प्रसादी के लिए आमंत्रित किया गया।

## 17 फरवरी, 2019 को मनोहरपुर में भगवान श्री विश्वकर्मा की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन

5 जनवरी, 2019 को राम द्वारा मन्दिर, मनोहरपुर पर राम द्वारा विकास समिति के संयोजक बाबूलाल जाला एवं अध्यक्ष शिव दयाल जी की अध्यक्षता में तथा तहसील अध्यक्ष श्री मामराज चिचावा के मुख्य आतिथ्य में भगवान श्री विश्वकर्मा की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर मीटिंग आयोजित की।

17 फरवरी, 2019 विश्वकर्मा जयंति के शुभ अवसर पर यह प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन करने की मीटिंग में आम सहमति बनी तथा इस अवसर पर महा भण्डारा के आयोजन पर भी समाज एक मत हुआ। संयोजक बाबूलाल जाला ने कहा कि कार्यक्रम में पूरा समाज एक जुट होकर इसकी सफलता की कहानी लिखेगा। कार्यक्रम भव्य होगा, जिसमें किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। श्री शिवदयाल जाला ने कहा कि कार्यक्रम दिवस की पूर्व संध्या पर भगवान विश्वकर्मा जी की नगर परिक्रमा करवाई जाएगी, जिसमें सर्व समाज का सहयोग लेकर कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। कार्यक्रम को और भव्यता प्रदान करने के लिए समाज की विभिन्न संस्थाओं, समितियों व राजनैतिक व गैर राजनैतिक नेताओं और कर्मचारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा, जिससे उनके सहयोग से मन्दिर को और भव्य रूप प्रदान कर सकें।

इस अवसर पर मालीराम जाला, मोहन जी जगदम्बा, मुरली जी नाथावाला, रामेश्वर जी विशनगढ़, जगदीश जी आमेरिया, बिहारी लाल आमेरिया, मालीराम आमेरिया, सुरेन्द्र कुमार, बाबूलाल खोजावाला सहित दर्जनों समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

**-राजेश सज्जन लाल** (मनोहरपुर)

## अ.भा.जां.ब्रा. शाखा सभा अजमेर के युवा शाखा के श्री तरुण शर्मा घुघरिया निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

6 जनवरी, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. युवा शाखा सभा के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव जिला सभा द्वारा घोषित जांगिड ब्राह्मण

बैंक नसीराबाद रोड, अजमेर में सम्पन्न हुए, जिसके चुनाव पर्यवेक्षक श्री नवल जांगिड एवं चुनाव अधिकारी श्री महावीर जी जांगिड के निर्देशन तथा शाखा सभा अजमेर के अध्यक्ष श्री जगदीश प्रसाद जी पाखरोट की देखरेख में निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुए।

चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नामांकन भरने की समय सीमा के अन्तर्गत अध्यक्ष पद हेतु श्री तरूण शर्मा घुघरिया एवं श्री दिनेश शर्मा भावडेल ने नामांकन भरा तथा नाम वापस लेने की सीमा के अन्तर्गत दिनेश शर्मा भावडेल द्वारा समाज एकता का परिचय देते हुए अपना नाम तरूण शर्मा के पक्ष में वापस ले लिया। तत्पश्चात् चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कर चुनावी टीम ने तरूण शर्मा सुपुत्र श्री रामचन्द्र शर्मा निवासी 201/44, नया घर, गुलाबी बाड़ी, अजमेर को युवा शाखा सभा अजमेर का निर्विरोध रूप से अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया तथा चुनाव पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी द्वारा उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई तथा समाज एकता में निर्विरोध चुनाव कराने पर समाज बन्धुओं तथा युवाओं का आभार प्रकट किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित समाज बन्धुओं द्वारा नव निर्वाचित अध्यक्ष का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया तथा हार्दिक शुभकामना देते हुए पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन देते हुए रचनात्मक कार्य करने की अपील की गई।

**–राजेन्द्र कुमार जालोदिया** (मंत्री शाखा सभा अजमेर)

**जांगिड ब्राह्मण सेवा समिति ढेहर का बालाजी द्वारा आयोजित पौषबड़ा एवं सम्मान समारोह सम्पन्न**

5 जनवरी, 2019 को जांगिड ब्राह्मण सेवा समिति परशुराम नगर, ढेहर का बालाजी द्वारा पौषबड़ा एवं विश्वकर्मा कथा में अपना सहयोग देने वाले शेष भामाशाहों का सम्मान समारोह जांगिड समाज अतिथि गृह ढेहर का बालाजी, जयपुर पर आयोजित किया गया।

मंचासीन अतिथियों में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा, श्री सीताराम जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री नरेन्द्र देव शर्मा कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री छीतरमल सिरोठिया, श्री देवी सहाय सावड, श्री रामेश्वर प्रसाद टटेरा पूर्व अध्यक्ष समिति, श्री सूरजमल जी नीदड पूर्व अध्यक्ष समिति, श्री गजानन्द जी गोगोरिया अध्यक्ष समिति ढेहर का बालाजी, श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) आदि तथा श्री दयानन्द जी, श्री रामेश्वर जी जांगिड, श्री मुन्शीलाल जी उपप्रधान महासभा, श्री मदनसिंह जी शेखावत वार्ड पार्षद, श्री सीताराम जांगिड जांगिड इन्टरक्राफ्ट, श्री हरिनारायण राजोतिया, श्री प्रभुदयाल जी एवं श्री शंकर लाल जी लबाणा, कैलाश जी आलीसर आदि भी उपस्थित हुए।

सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक आरती हुई।

सभी मंचासीन व अतिथियों का दुपट्टा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर समिति पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया।

मंच संचालन श्री घीसा लाल जी सिरोठिया द्वारा किया।

विश्वकर्मा कथा के दौरान जिन भामाशाओं का सम्मान नहीं हुआ था उनका भी समिति द्वारा सम्मान किया गया। जिनमें श्री हरिप्रसाद जांगिड, श्री सूरजमल जांगिड, श्री सीताराम जी राधापुरा, श्री लक्ष्मीनारायण जी चीथवाड़ी, श्री रामौतार जांगिड मीषण, श्री रामेश्वर प्रसाद आलीसर, श्री रामकरण बांसावाले, श्री कैलाश जी राजोतिया, श्री मदनलाल जी कासलीवाल, श्री गंगा सहाय जांगिड सावड, श्री महावीर प्रसाद राजोतिया आदि का दुपट्टा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर समिति द्वारा सम्मान किया गया।

पौषबड़ा आयोजन में सहयोग देने वाले समाज बन्धुओं का भी समिति द्वारा सम्मान किया, जिनमें श्री शंकर लाल खुडाणिया (महेन्द्र जी), ओंकारमल जी चीथवाड़ी, श्री रतनलाल जांगिड, श्री कैलाश जी आलीसर, रतन लाल जी चला, सीताराम जी राधापुरा, श्री बनवारी लाल आदि का भी समिति पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया।

इस अवसर पर श्री सीताराम टटेरा, श्री सी.एम. सिरोठिया, श्री देवी सहाय सावड, श्री रामेश्वर टटेरा, श्री लखन शर्मा, श्री बी.सी. शर्मा, श्री सूरजमल नींदड, श्री मनोज जी नायन, श्री राहुल शर्मा द्वारा उद्बोधन दिया, जिसमें सभी ने ढेहर के बालाजी समिति की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा पूर्व की संक्षिप्त में जानकारी प्रदान की। विश्वकर्मा जयंती पर 5-7 जोड़ों का हवन समिति द्वारा कराया जाए, यह सबसे पुरानी संस्था है जयपुर की तथा श्री गजानन्द जी के अध्यक्षता में हो रहे कार्यकाल की बहुत ही सराहना की गई। यह समिति सदैव आगे को बढ़ती अग्रसर हो रही है। वैसे तो सभी कार्यकालों में अच्छे काम हुए हैं आदि विचार रखे।

इस अवसर पर उपस्थित समाज बन्धुओं में श्री प्रहलाद सहाय जांगिड संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री महेन्द्र जांगिड खुडानिया, श्री रामअवतार जी एडवोकेट, श्री राम अवतार जी महामंत्री, श्री सुवालाल जी चला वाले, श्री सुआलाल जी चलावाले, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे आदि सैंकड़ों समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

श्री नरपत सिंह राजवी विधायक भाजपा भी इस अवसर पर उपस्थित हुए, जिनका समिति द्वारा माल्यार्पण, दुपट्टा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, साफा बंधवाकर तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गाय।

अन्त में श्री गजानन्द जी गोगोरिया द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों समाज बन्धुओं व कार्यकारिणी पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी को पौषबड़ा प्रसादी के लिए आमंत्रित किया। प्रसादी का मीनू भी समिति ने अलग ही रखा, जिसमें सांभर की फीणी, खीर, दाल के पकोड़े, पूड़ी-सब्जी थी।

**स्वयं के प्रति स्वभाव व प्रभु के प्रति प्रेमभाव होने से दूसरों को आदर देना सहज हो जाता है।**